दिनांक 7 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम प्रशासन द्वारा भीषण गर्मी/लू से बचाव के लिए लगाए जा रहे हैं सूक्ष्म फव्वारे, की जा रही है पेयजल की व्यवस्था, राहगीरों को मिलेगी राहत

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने विगत दिनों 1 मई को जोन क्रमांक 4 क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया था जिसमें उन्होंने गर्मी/लू से बचाव के लिए उपाय अपनाने के लिए निर्देश जोन आयुक्त जोन क्रमांक 4 को दिए थे इसी तरह समस्त जोन क्षेत्रों में भी गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न तरह के उपाय अपनाने के निर्देश दिए जा चुके हैं!

जोन क्रमांक 4 कार्यालय के समीप डबरा पारा चौक के पास भीषण गर्मी में सफर तय कर आने जाने वाले राहगीरों/मुसाफिरों के लिए टेंट लगाकर गर्मी/लू से बचाव के लिए सूक्ष्म फव्वारे लगाए गए हैं इस फव्वारे से निकले पानी के छोटे-छोटे कणों कि पुहार मानव शरीर को ठंडक पहुंचाने का कार्य करेगी यहां पर कुछ देर विश्राम करने के लिए कुर्सी की व्यवस्था भी की गई है साथ ही मटके में पीने का पानी भर कर रखा गया है ताकि राहगीरों की प्यास बुझ सके!

जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर चौक पर बने यात्री प्रतिक्षालय में सूक्ष्म फव्वारे लगाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है ,बता दें कि यहां पर बस , वाहन आदि के इंतजार में बहुतायत मात्रा में लोग प्रतीक्षारत रहते हैं , इस स्थल में बैठने के लिए कुर्सी के साथ-साथ पंखे एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है!

इसी प्रकार की व्यवस्था मदर टैरेसा नगर के जोन क्रमांक 3 कार्यालय के सामने भी की गई है जोकि हाईवे से लगा हुआ है!

आयुक्त महोदय ने जोन आयुक्तों को ऐसे स्थल पर कर्मचारी की नियुक्ति करने भी कहा है ताकि कोई ना हो तो पानी की बर्बादी न हो!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!

I Have Not Change
Any Settings...
Please Go To Your
Settings And...
(1) Increase Number Of Trees.
(2) Reduce Carbon Emissions Levels
(3) Reduce Concrete Jungles .
(4) Increase Number of Lakes.
Switch to human mode from auto mode...
पालिक निगम, भिलाई
Please Go To
Display
And Reduce
To Handle !!
नगर